Teachers are not in Bihar, 92 vacancies, only one application received

पटना जिला के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के नियोजन की प्रक्रिया चल रही है। रिक्तियों के अनुसार अभ्यार्थियों ने आवेदन कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिला परिषद और नगर निगम के उच्च माध्यमिक स्कूलों में फिजिक्स के लिए काफी सीटें है, पर आवेदन की संख्या बहुत कम है।

ऐसी स्थिति में फिजिक्स के शिक्षकों की सीटें एकबार फिर खाली रह जाएंगी। पूरे पटना में माध्यमिक में 855 व उच्च माध्यमिक में 970 रिक्तियां हैं। पटना जिला परिषद के उच्च माध्यमिक स्कूलों में फिजिक्स के शिक्षक पद के लिए 92 रिक्त पद है, इस पद के लिए सिर्फ एक आवेदन प्राप्त हुआ है। पटना नगर के उच्च माध्यमिक स्कूल में शिक्षकों की रिक्तियां 15 है, आवेदन एक अभ्यर्थी ने किया है। ऐसी स्थिति में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का चयन पक्का है। इसी तरह उच्च माध्यमिक स्कूलों में गणित विषय में 90 रिक्तियां हैं, पर आवेदन सिर्फ तीन ही प्राप्त हुए हैं। वहीं नगर निगम में 16 रिक्तियों के बदले 44 आवेदन आए हैं।

पटना जिला परिषद और पटना नगर निगम के माध्यमिक स्कूलों में सामाजिक विज्ञान व विज्ञान में रिक्तियों से 30 से 33 गुणा अधिक आवेदन प्राप्त हुआ है। पटना जिला परिषद में उच्च माध्यमिक में केमेस्ट्री में शिक्षकों के लिए 83 सीटें हैं, पर 10 ही अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पटना नगर निगम के उच्च माध्यमिक में 10 रिक्तियां हैं। आवेदन नौ प्राप्त हुए हैं। पटना जिला परिषद में उच्च माध्यमिक में वनस्पति विज्ञान विषय के लिए शिक्षकों के लिए 18 रिक्तियां हैं, पर 12 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पटना नगर निगम के उच्च माध्यमिक सीट से थोड़ा अधिक आवेदन हैं। यहां पर तीन सीटों के लिए 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

इतिहास में रिक्तियों से 40 गुणा ज्यादा आवेदन: पटना जिला परिषद व पटना नगर निगम के उच्च माध्यमिक स्कूलों में इतिहास में रिक्तियों से 40 गुणा आवेदन प्राप्त हुआ है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतिहास पढ़ने वाले छात्रों की संख्या कितनी है। पटना जिला परिषद में 13 सीटें हैं आवेदन 435 प्राप्त हुआ है। नगर निगम में सात रिक्तियां हैं आवेदन 380 मिला है।

पटना जिला परिषद उच्च माध्यमिक
589 रिक्तियां 886 आवेदन
पटना जिला परिषद माध्यमिक
512 रिक्तियां 4556 आवेदन
पटना नगर निगम उच्च माध्यमिक
374 रिक्तियां 4334 आवेदन

पटना नगर नि. माध्यमिक रिक्तियां

130 रिक्तियां 852 आवेदन

नगर पंचायत व परिषद की रिक्तियां
नगर पंचायत में माध्यमिक में 18 रिक्तियां, अलग-अलग विषय
नगर परिषद में माध्यमिक में 66 रिक्तियां, अलग-अलग विषय
नगर पंचायत में उच्च माध्यमिक में 27 रिक्तियां, अलग-अलग विषय
नगर परिषद में उच्च माध्यमिक में 109 रिक्तियां, अलग-अलग विषय

प्रमुख तिथियां

मेधा सूची का प्रकाशन
16 अगस्त

मेधा सूची में आपत्ति की तिथि
17 अगस्त से 02 सितम्बर

निराकरण की तिथि
09 सितम्बर तक

फाइनल मेधा सूची
13 सितम्बर तक

नियुक्ति प्रक्रिया
15 से 19 सितम्बर